तापमान

अधिकतम 13 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

12 स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मचाई धूम



12 अड्डो माजरा से फडौली तक सड़क के साथ ओवरब्रिज का होगा निर्माण



**खबर संक्षेप**

### टैंपू व पशु चोरी मामले में पुलिस ने चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने टैंपू व पशु चोरी की वारदात में शामिल गिरोह के तीसरे आरोपी राशिद उर्फ मोटा निवासी गौगवान शामली यूपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि गिरोह के आरोपी फुरकान व मुसैय्यद निवासी अबरपुर स्नेहटी यूपी को बीते वर्ष जुलाई/अगस्त महिने में गिरफ्तार किया था।

### पानीपत पुलिस ने चार चोर को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने पानीपत जेल में बंद चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिल निवासी दालमवाल जीन्द, रिंकू निवासी सरेडा हिसार, अजय निवासी खरबला हिसार व अर्जुन निवासी हिसार को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर कोर्ट में पेश किया और एक दिन के रिमांड पर लिया। चोरी की वारदात बारे थाना समालखा में राक्सेहडा निवासी राजेश पुत्र रामनिवास की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### चोरी की साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने संजय चौक के पास विकास पुत्र पाले राम निवासी जुआ सोनीपत को चोरी की साइकिल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि साइकिल चोरी की वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में सुरेंद्र निवासी विर्क नगर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### मां की डांट से आहत किशोरी घर से चली गई

**पानीपत।** पानीपत में निवास कर रही 17 वर्षीय किशोरी नौ दिन पहले अपनी मां की डांट-फटकार से आहत होकर घर छोड़कर चली गई। दरअसल, किशोरी बीमार थी। वह काम पर जाने की जिद कर रही थी। मां ने उसे मना कर आराम करने को कहा था। वह नहीं मानी, तो दवाई लेने बाहर आई। इसके बाद घर नहीं लौटी।

# भीषण ठंड से नहीं मिल रही राहत

## शीतलहर के साथ आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से दिन भर घरों में दुबके रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में पिछले एक महीने से बनी भीषण ठंड की कंपकंपी से लोगों की जिंदगी ठिठुर कर रह गई है। रोजाना सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहना और शीतलहर के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में बनी हाड़ तोड़ ठिठुरन ने बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा वर्ग समेत सभी की कंपकंपी छुटा रखी है। आलम यह है कि रोजाना लोग सूर्यदेव के निकलने का इंतजार करते हैं। मगर दिन भर धुंध के बादल छाए रहने से लोग सूर्य देव के दर्शन करने से वंचित रह जाते हैं। बुधवार को भी लोग सुबह घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर के साथ आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से दिन भर लोग घरों में दुबके रहे या फिर गर्म वस्त्र लपेटकर काम करते नजर आए।

- ठंड से बचने के लिए लोगों ने हीटर व अलाव का सहारा लिया



यमुनानगर में बुधवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

मौसम में ठंड बढ़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

बुधवार को मौसम में लगातार हाड़तोड़ ठंड बढ़ने से पिछले कई दिन की तरह लोग दिन भर घरों में दुबके रहे। जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्तव्यस्त रहा। नौकरी पेशा व्यक्ति ठिठुरते हुए किसी तरह अपने कार्यस्थल पर पहुंचे और दिन भर ठिठुरने को मजबूर रहे। वहीं दुकानदार अपनी दुकानों पर या तो कंबल आदि लपेटकर बैठे रहे या फिर किसी ने हीटर आदि जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास किया। दुकानदार अमित सैनी, योगेश कुमार व पिंटू ने बताया कि पिछले कई दिन से दुकानदारी पूरी तरह से ठंडी चल रही है। जिससे उन्हें नुक्सान हो रहा है। करीब एक महीने से आम ग्राहक ठंड की वजह से घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं, बाहर से सामान लेकर आने वाले स्पलायर भी कम संख्या में पहुंच रहे हैं।

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकंपी

बुधवार को को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## शीत लहर व धुंध ने बढ़ाई आमजन की परेशानी

**कुरुक्षेत्र।** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के चलते जिलेभर में शीतलहर का कहर जारी हैं। इसके कारण ठिठुरन भरी ठंड के एहसास ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। सुबह के समय घने कोहरे के चलते जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं दिन में शीत लहर ने लोगों को सताया। मौसम विभाग के अनुसार वीरवार को भी आसमान में बादल छाए रहने के आसार है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में फिलहाल ठंड का सितम काम होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार की सुबह भी कोहरे से घिरी रही, वहीं दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। इसके चलते धूप न खिलने से ठंड का असर ज्यादा बढ़ गया। दोपहर बाद शीतलहर से ठिठुरन भरी ठंड ने लोगों को सताया। ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव और हीटर का भी सहारा लेना पड़ा। वहीं सड़कों और बाजारों से भी रौनक गायब दिखी। जिले में अधिकतम तापमान 14 डिग्री और न्यूनतम छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अभी कुछ दिन ठंड का असर जारी रहेगा, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



## शॉर्ट सर्किट के कारण क्लीनिक में लगी आग



यमुनानगर के हुडा सेक्टर-17 स्थित डेंटल क्लीनिक में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के हुडा सेक्टर-17 की एससीओ 138 की प्रथम मंजिल स्थित डेंटल क्लीनिक में बुधवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगने से क्लीनिक में रखी मशीने, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार डॉक्टर रजत मंगला ने बताया कि उसका हुडा सेक्टर-17 की एससीओ 138 की प्रथम मंजिल पर डेंटल क्लीनिक हैं। दोपहर को एक बजे क्लीनिक पर स्टॉफ के चार सदस्य मौजूद थे। इस दौरान क्लीनिक पर अचानक से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग लगने से क्लीनिक पर रखा फर्नीचर व अन्य सामान जलने लगा तो स्टॉफ सदस्यों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से भभकने लगी। अनियंत्रित हुई आग के कारण स्टॉफ सदस्य सीढ़ियों ने नीचे आ गए। उसने दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी। दमकल विभाग ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। डॉक्टर ने बताया कि आग लगने से क्लीनिक में रखी मशीने, फर्नीचर व अन्य सामान जलकर राख हो गया।

- दमकल विभाग की चार गाडियों ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग

## युवक को साइप्रस भेजने के नाम पर दंपती ने ठगे पौने चार लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइप्रस भेजने के नाम पर दंपती ने गांव हरनौल निवासी प्रदीप कुमार से पौने चार लाख ठग लिए। आरोप अजय सैनी व उसकी पत्नी नीरू पर लगा है। फर्कपुर थाना पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात अजय सैनी के साथ हुई। जिसने उसे साइप्रस भेजने का झांसा दिया। इसके लिए आरोपी ने उनसे चार लाख रुपये मांगे। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे अलग-अलग कर तीन लाखदे दिए। 11 मार्च को अजय व उसकी पत्नी नीरू सैनी उसे अपने साथ जीरकपुर में स्टार बॉक्स शॉप में लेकर गए। जहां पर उन्हें एक व्यक्ति मिला। वहां पर उसने नीरू सैनी के पास वीजा व्हाट्सएप कर दिया। जब उसने मोबाइल में यह वीजा दिखाया। जिसमें स्पेलिंग गलत थी। इस बारे में नीरू से कहा तो उन्होंने दूसरा वीजा मंगवाने की बात कही। 28 अप्रैल 2023 को आरोपियों ने उन्हें वीजा व्हाट्सएप पर भेजा और कहा कि साइप्रस की फ्लाइट में उसके साथ चार लोग और जाएंगे। यहां से वह दिल्ली एयरपोर्ट के लिए निकले। उस समय भी आरोपी नीरू सैनी व अजय सैनी ने उनसे 75 हजार लिए। जब यहां पर पहुंचे तो फिर से वह व्यक्ति मिला। जिसने कहा कि कोविड की वजह से वहीं विदेश में जा सकता है जिसे तीसरी डोज लगी हो। इसके बाद कभी फ्लाइट रद्द होने तो कभी कुछ बहाना बनाकर आरोपी टालते रहे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

## उल्टा झाड़ू लेकर नपा कर्मियों ने निकाला रोष जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

समान काम समान वेतन के एरियर का भुगतान किए जाने समेत अन्य मांगो को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जोन यमुनानगर के सदस्यों ने बुधवार को काले झंडे लेकर व उल्टा झाड़ू उठाकर नगर में रोष जुलूस निकाला। इस दौरान निगम कार्यालय के समक्ष नपा कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और सरकार व स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

- सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

मौके पर इकाई प्रधान प्रधान पपला, जिला प्रधान प्रवेश परोचा, वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार धारीवाल व रमेश कुमार टोडरपुर ने बताया कि पिछले कई दिन से नपा कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मगर इस ठिठूरती ठंड में उनकी ना तो सरकार सुन रही है और ना ही स्थानीय प्रशासन उनकी मांगो को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया था कि उनके समान काम समान वेतन के एरियर को एक महीने के भीतर कर दिया जाएगा। मगर आठ महीने का समय बीत जाने के बाद एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। स्थानीय प्रशासन उनके साथ वादे पर वादे कर रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि जल्द ही एरियर का भुगतान नहीं किया गया तो मजबूरन संघ को आंदोलन को और तेज करना पड़ेगा। इस अवसर पर राजकुमार ससौली, गुलजार अहमद, सोरण ढ़िलौर, रमन, श्याम लाल जठलाना, सुरेश शादीपुर, राजबाला, जीतो व कमलेश आदि मौजूद थे।




यमुनानगर में उल्टा झाड़ू व काले झंडे लेकर रोष जुलूस निकालते हुए नपा कर्मचारी।

## हत्या मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने सुभाष वासी उमरी की हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने सुभाष वासी उमरी की हत्या करने के आरोप में शिवम उर्फ काली पुत्र सुरेश कुमार वासी सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र व गर्वित उर्फ प्रिंस पुत्र राजेन्द्र कुमार वासी सैक्टर-30 कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है।

19 जनवरी 2024 को थाना सदर थानेसर पुलिस को दिए अपने ब्यान में सुमन पत्नी सुभाष वासी उमरी ने बताया कि 3/4 महीने पहले उसके गांव के गर्वित उर्फ प्रिंस, शुभम उर्फ काली व शिवम् पुत्र सूरज कुमार वासी डेकी जिला सहारनपुर के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था। उस लड़ाई में शिवम उर्फ काली, गर्वित उर्फ प्रिन्स को चोटें लगी थी। जिसमें उसके पति सहित उसके भाई अनुज व 4/5 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी रंजिश के कारण आरोपियों ने सुभाष पर गोलियां चला दी थी। गांव वालों ने उसे, उसके पति व लड़की को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया।

जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह को सौंपी गई। घायल सुभाष की मृत्यु होने पर मामले में धारा 302 आईपीसी ईजाद की गई।

- रंजिश के कारण आरोपियों ने सुभाष पर गोलियां चलाई थी

## दुकान से 20 लाख कीमत के मोबाइल फोन सेट चोरी

**पानीपत।** पानीपत के कच्चा कैंप क्षेत्र की पुरेवाल कॉलोनी स्थित पीपल मार्केट में राघव एजेंसी के शटर उखाड़ कर चोरों ने करीब 20 लाख रुपये कीमत के मोबाइल फोन सेट व 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। दुकान के मालिक न्यू दीवान नगर निवासी रवि ने बताया कि मंगलवार की रात को करीब 10 बजे दुकानदार रोजाना की तरह ही दुकान बंद कर घर गया था। देर रात करीब तीन बजे चौकीदार ने शटर उखाड़े जाने की सूचना रवि को दी। इधर, दुकान के सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें दो चोर पूरी वारदात करते हुए कैद हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं रवि ने बताया कि चोर 100 से ज्यादा मोबाइल और 25 हजार कैश चोरी हुआ है। जिसकी कीमत 20 लाख से ज्यादा है। इधर, पुलिस ने एफएसएल की टीम से घटनास्थल की जांच करवाई और अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पीपल मार्केट में राघव एजेंसी के शटर उखाड कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया
- दुकान के सीसीटीवी कैमरे में दो चोर पूरी वारदात करते हुए कैद

## दुष्कर्मी को 10 साल कैद और 50 हजार जुर्माना

**पानीपत।** एडीजे सुखप्रीत सिंह की फास्ट ट्रैक कोर्ट पोस्को ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी मीना पुत्र रामफल निवासी जिला पानीपत को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं दोषी पर कोर्ट ने 50 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना नहीं देने पर दोषी मीना को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। इधर, दोषी मीना के खिलाफ लडकी के पिता की शिकायत पर 30 जून 2020 थाना इसराना पुलिस ने केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी मीना व लडकी को बरामद कर लिया था और लडकी मेडिकल जांच करवाई। जांच में लडकी नाबालिग निकली इसके बाद पुलिस ने मीना के खिलाफ आईपीसी की धारा 365, 328, 376, 34 और 6 पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया। इधर, एडीजे सिंह की कोर्ट ने पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व 14 गवाहों की गवाही सुन कर मीना को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

### मादक पदार्थ के तस्कर को 15 साल की कैद

पानीपत। एडीजे डॉ एनके सिंगल की कोर्ट ने मादक पदार्थ के तस्कर तारीफ पुत्र साहुन थाना पाहडी जिला भरतपुर, राजस्थान को दोषी करार देते हुए 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वही डॉ सिंगल की कोर्ट ने तारीफ पर डेढ लाख रूपये का जुर्माना किया। स्मरणीय है कि मादक पदार्थ की तस्करी के केस में दोषी तारीफ के भाई आमिर को अदालत पहले ही सजा सुना चुकी है। गौरतलब है कि पानीपत पुलिस की सीआईए थ्री ने मादक पदार्थ डोडा व चूरा पोस्त से लदा कैंटर पकडा था। पुलिस ने कैंटर के अंदर से 322 किलोग्राम डोडा व 25 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया था। सब इंस्पेक्अर बलवान की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने तारीफ व आमिर के खिलाफ 15 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। वहीं कोर्ट ने पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों की गवाही सुनने के बाद तारीफ को सजा सुनाई है।

## आज सात दुर्लभ योगों में पौष पूर्णिमा, माघ स्नान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ज्योतिष में चंद्रमा को मन एवं द्रव्य पदार्थों का कारक माना जाता है। मान्यता है कि पौष पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपने संपूर्ण रूप में होता है, जिसका प्रभाव व्यक्ति के मन मस्तिष्क में पड़ता है। पौष पूर्णिमा के बाद से ही माघ माह की शुरूआत हो जाती है और इस दिन से ही पवित्र माघ स्नान शुरू हो जाता है। गायत्री ज्योतिष अनुसन्धान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि इस दिन गुरु पुष्य योग समेत सात दुर्लभ योग बन रहे हैं, जिसमें पूजा और खरीदारी से लक्ष्मी जी प्रसन्न होंगी,पौष पूर्णिमा 25 जनवरी को है। ये मोक्षदायिनी पूर्णिमा मानी जाती है। पौष पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से कई जन्मों का पाप धुल जाते हैं। इस साल 2024 में पौष पूर्णिमा बहुत शुभ संयोग लेकर आ रही है। इस दिन पूजा-पाठ के अलावा शुभ चीजों की खरादारी करने का संयोग बन रहा है, इससे मां लक्ष्मी साधक पर मेहरबान होंगी। पौष पूर्णिमा के दिन तिल, गुड़, कंबल और ऊनी वस्त्रों का दान करना चाहिए। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि दान केवल जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए।



डॉ. रामराज कौशिक।

- 2024 में पौष पूर्णिमा बहुत शुभ संयोग लेकर आ रही

**साइबर ठग सक्रिय** | यमुनानगर जिले में साइबर ठगी के पांच मामले दर्ज

## जागरूक करने के बाद भी साइबर ठगों का शिकार हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर ठगी को लेकर लोगों को अलग-अलग तरीकों से जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी लोग साइबर ठगों का शिकार हो रहे हैं। जिले में हर दिन साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में बीती रात जिला पुलिस द्वारा साइबर ठगी के पांच मामले दर्ज किए गए। साइबर ठगों ने पांचों मामलों में लोगों से हजारों रुपये ठग लिए

जानकारी के अनुससार सेक्टर 17 हाउसिंग बोर्ड निवासी विवेक शर्मा ने सेक्टर 17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास अनजान नंबर से मोबाइल पर लिंक आया। लिंक पर जैसे ही उसने क्लिक किया तो उससे एक ओटीपी आया। इस ओटीपी के माध्यम से उसके अलग-अलग बैंक खातों से 15 हजार 913 रुपये कट गए। जिसके बाद उसने बैंक में जाकर अपना खाता ब्लाक कराया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### लिंक पर क्लिक करते ही खाते से कटे 36 हजार

गांव मारवा खुर्द निवासी शीतल कुमारी ने बिलासपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 28 मार्च 2023 को आनलाइन मंटुआर शाप से कुछ सामान खरीदा था। सामान में दिक्कत आने पर उसे वापस करने के लिए दिए कस्टमर केयर नंबर पर काल की। कंपनी की ओर से उनके पास डिलीवरी ब्वाय का नंबर भेजा गया। इसके बाद उनके मोबाइल पर एक लिंक आया। जैसे ही उसने लिंक पर क्लिक किया तो खाते से 36 हजार कट गए। जिन नंबरों से उनके पास मैसेज आया था उन पर काल की गई लेकिन काल रिसीव नहीं हुई।

### कोरियर के बहाने लिंक भेजकर खाते से उड़ाए रुपये

द्वारिकापुरी कॉलोनी जगाधरी निवासी हरदीप कौर ने बताया कि वह डीपीएस स्कूल में शिक्षिका है। 21 नवंबर को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। काल करने वाले ठग ने उन्हें कहा कि आपका कोरियर आया हुआ है। उसने एक अन्य नंबर से उनके पास लिंक भेजा। जैसे ही उसने लिंक ओपन किया तो उसका फोन हैक हो गया। ठग ने उन्हें कहा कि मोबाइल पर एक मैसेज आएगा। उस मैसेज को उसके नंबर पर भेज दें। उसकी बातों में आकर हरदीप ने मैसेज भेज दिया। इसके बाद उनके खाते से पांच हजार रुपये कट गए।

### टावर लगवाने के बहाने व्यक्ति से ठगे 24 हजार

सेक्टर-17 निवासी अधिवक्ता श्याम सुंदर मेहता के पास अनजान नंबर से काल आया था। काल करने वाले ने बताया कि वह वोडाफोन कंपनी से इंचार्ज बोल रहा है। जिसने अपना नाम अनिल गुप्ता बताया। आरोपी ने उसे बातों में उलझा लिया और टावर लगवाने का झांसा दिया। आरोपी ने उन्हें कहा था कि वह उनके गांव राझेडी में टावर लगवा देगा। इसके लिए उनसे 24 हजार रुपये भी ले लिए। यह रुपये गूगल पे के माध्यम से उसके खाते में डाले। बाद में आरोपी उनसे एक लाख रुपये की और मांग करने लगा। जिस पर उसे रुपये देने से मना कर दिया।

### मोबाइल पर लिंक भेजकर खाते से निकाले पांच हजार

सुंदरनगर निवासी राहुल कुमार ने बताया कि वह निजी अस्पताल में एंडियोलाजिस्ट है। उनका एक कोरियर आना था। इस बीच उनके पास अनजान नंबर से काल आया। काल करने वाले ने खुद को कोरियर कंपनी से बताया और उसे कहा कि तकनीकी समस्या की वजह से कोरियर दो दिन लेट हो जाएगा। यदि अभी कोरियर मंगवाना है तो उसके भेजे लिंक पर पांच रुपये डाल दो। ठग की बातों में आकर उसने पांच रुपये भेज दिए। इसके बाद उसके खाते से पांच हजार रुपये कट गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सरस्वती कॉरिडोर पर कार्य आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि ज्योतिसर से पिहोवा तीर्थ तक सरस्वती कॉरिडोर का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके तहत सबसे पहले सरस्वती चैनल से ज्योतिसर से गाद निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ-साथ बीच में आते है मूर्तजापुर घाट, भोर सैयदां तीर्थ, अरुणाये संगमेश्वर मंदिर, अरुणा वरुणा संगम घाट आदि, इन सभी को जोड़ा जाएगा। बोर्ड उपाध्यक्ष धुमन सिंह बुधवार को ज्योतिसर सरस्वती चैनल से गाद निकालने के कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरस्वती चैनल के बीच से गाद निकालने का शुभारंभ ज्योतिसर से किया गया जोकि से पहले ही मुर्तजापुर पुल तक करीब 14 किलोमीटर के क्षेत्र में संपन्न होगा। इस कार्य को 3-4 महीने का समय के लिए यह कार्य शुरू किया गया ताकि जिस तरह से पिछली बार फ्लड सीजन में मारकंडा मारकंडा, टांगरी, चौटंग अन्य नदियों का पानी सरस्वती में आ गया। जिससे सरस्वती ओवरफ्लो होने के बावजूद भी सारा पानी लेकर सिरसा ओ टू हेड तक पहुंची। सरस्वती की गहराई बढ़ाने के निमत यह गाद निकालने का कार्य आज शुभारंभ किया गया। इस प्रथम चरण के कार्यालय करीब 4 महीने लगेंगे और गाद जो वर्षों से जमी पड़ी है, वो निकालकर दोनों तरफ की पटरियों पर डाली जाएगी ताकि फ्लड से पहले पानी का रास्ता बन सके और दोनों तरफ आने जाने का रास्ता भी बन सके वह लोगों को सहूलियत प्रदान हो सके।

- ज्योतिसर से शुरू किया सरस्वती की गाद निकालने का कार्य



## खबर संक्षेप

### 11 फरवरी की रैली के लिए किया मंथन

**इंद्री।** पैंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा की टीम 11 फरवरी को जींद में आयोजित होने वाली पैंशन संकल्प महारैली की तैयारियों में लगी है। जिसके लिए संघर्ष समिति की टीमों ने विभिन्न विभगों के कार्यालयों का दौरा कर रैली मे पहुंचने की अपील की । समिति की ओर से पूनम चहल, प्रधान मामराज पूंडरीक, इंद्रवेश, राम कुमार, अजैब सिंह, अरुण गांधी, शुभम, अंशुल मलिक, राज कुमार सहित पदाधिकारियों की टीम ने सरकारी अस्पताल इंद्री, भादसों स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आदि का दौरा किया।

### सैनिक स्कूल कुंजपुरा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**करनाल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा की मैडम मनजीत कौर व अशोक कुमार की अध्यक्षता में 20 बच्चों के साथ सैनिक स्कूल कुंजपुरा में टिवनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र मिलन कार्यक्रम में सैनिक स्कूल कुंजपुरा के प्रिंसिपल ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह और साथ आए हुए सभी स्टाफ सदस्यों एवं बच्चों का सैनिक स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया।

### निर्मल कुटिया के समागम में उमड़ा जनसैलाब

**तरावड़ी।** शहर के लल्याणी रोड पर स्थित निर्मल कुटिया तरावड़ी में विशेष गुरमत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर भर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से संगत उमड़ी। यह समागम ब्रह्मलीन संत बाबा सुखा सिंह जी की तीसरी बरसी को समर्पित किया गया। यहां गुरु का सुंदर दरबार सजाया गया। उनकी याद में निर्मल कुटिया तरावड़ी में श्री अखंड पाठ साहिब का आंरभ किया गया था, जिसके बाद बुधवार को श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। इस दौरान निर्मल कुटिया परिसर को सुंदर और भव्य ढंग से सजाया गया था।

### अयोध्या में हनुमान गुफा के पास लगेगा भंडारा

**घरौंडा।** अयोध्या भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जहां एक तरफ राम भक्तों का श्री राम के दर्शन का लिए ताँता लगा हुआ है। वही मंदिर के समीप भंडारों का भी लगना शुरू हो गया है। श्री अमरनाथ युवा मंडल घरौंडा की ओर से मंडल के सदस्यों ने आज खाद्य सामग्री से भरा एक ट्रक अयोध्या के लिए रवाना किया।
मंडल प्रधान कमल शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार से अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या मे देश विदेश से राम भक्तो का अयोध्या मे ताँता लगा हुआ है।

### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हुआ सुंदरकाण्ड पाठ

**घरौंडा।** भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा द्वारा भगवान राम मंदिर अयोध्या के भव्य शुभारंभ एवं रामलला की सुन्दर आलौकिक और दिव्य प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर सुंदरकाण्ड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम को विधिवत रूप से प्रारंभ करते हुए सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया तदोपरान्त सभी सदस्यगण द्वारा राम भजन एवं कीर्तन किया गया शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला एवं पूर्व अध्यक्ष अजय सिंगला ने सुंदर भजन गाया भजन कीर्तन और प्रभु राम के जयकारों से सारा वातावरण मनमोहक और राममयी हो गया।

### नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भापुसे साहब और अनिल कुमार साहब के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन हरियाणा के विभिन्न संस्थानों में जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय 165 वां नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## हॉकी स्टेडियम समेत 5 परियोजनाओं का किया गया

# स्मार्ट सिटी के अंतर्गत करनाल जिले को 33 करोड़ 88 लाख रुपये की 7 परियोजनाओं की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत बुधवार को करनाल जिला को 33 करोड़ 88 लाख रुपये की 7 परियोजनाओं की सौगात मिली। इन सभी का उद्घाटन व शिलान्यास मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअली जुड़कर किया। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण व इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत कैलाश गांव में स्थित हॉकी स्टेडियम सहित 5 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया जबकि 2 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आए दिन उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत करनाल जिला को बेहतरीन सौगात मिली है। इससे

### जिलास्तरीय कार्यक्रम में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण व अन्य

**5 प्रोजेक्ट का उद्घाटन 2 का हुआ शिलान्यासः डीसी अनीश यादव**

करनाल के डीसी अनीश यादव ने बताया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बुधवार को 5 प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया जबकि 2 का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ प्रोजेक्ट को रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। इसके लिए स्मार्ट सिटी की टीम ने बेहतर कार्य किया है।


करनाल। जिलास्तरीय कार्यक्रम में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण व अन्य।

### इनका हुआ उद्घाटन

- कैलाश गांव में 18 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन।
- फूसगढ़ गांव में 89 लाख रुपये की लागत से 2 आंगनवाड़ी भवनों का उद्घाटन।
- 3 करोड़ 78 लाख की लागत से सरदार मिल्खा सिंह स्टेडियम में कम्यूनिटी हॉल का उद्घाटन।
- 4 करोड़ 63 लाख की लागत से लघु सचिवालय, करनाल में रिकॉर्ड रूम का उद्घाटन
- 1 करोड़ 99 लाख की लागत से फूसगढ़ गांव में बहु-उद्देशीय हॉल का उद्घटान

*इनका हुआ शिलान्यास*

- 2 करोड़ 28 लाख की लागत से होने वाले महिला आश्रम मार्केट में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ
- 2 करोड़ 4 लाख की लागत से होने वाले करनाल के सेक्टर-9 में क्रिकेट ग्राउंड की चारदीवारी व बुनियादी सुविधाओं के निर्माण कार्य

## गणतंत्र दिवस के लिए किया रिहर्सल



**घरौंडा।** घरौंडा की एसडीएम अदिति की अध्यक्षता में नई अनाज मंडी घरौंडा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण ड्रेस सहित अंतिम पूर्व अभ्यास का अवलोकन किया गया जिसमें घरौंडा के सभी विभाग अध्यक्षों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समारोह में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। एसडीएम ने नई अनाज मंडी में मास पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व अभ्यास का अवलोकन किया। इस दौरान तहसीलदार गुरुदेव व चयन समिति के सदस्यों की देखरेख में संस्कृत कार्यक्रमों की टीमों का भी चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इस समारोह में सामूहिक मास पीटी शो लेजियम रिंग ड्रिल व डंबल, एनसीसी प्लाटुन, स्कूल के बच्चे व हरियाणा पुलिस की टुकड़िया इसमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस बार समझ में स्टेज पर बैठने के लिए अधिकारियों स्वतंत्रता सेनानियों व भूतपूर्व सैनिकों की अलग-अलग कक्ष बनाए जाएंगे वह प्रत्येक वर्ष की भांति विजेता प्रतिभागियों, स्वतंत्रता सेनानियों का युद्ध नायकों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों पर की चर्चा



**तरावड़ी।** 26 जनवरी को तरावड़ी नगरपालिका परिसर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाऐगा। यह जानकारी नगरपालिका तरावड़ी के चेयरमैन विरेद्र बंसल एवं सचिव अजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को तरावड़ी शहर की नगरपालिका में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जाऐगा। सचिव अजीत कुमार ने बताया कि सुबह के समय भगत सिंह चौक पर लगी प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया जाऐगा। जिसके बाद समयानुसार नगरपालिका परिसर में तिरंगा झंडा फहराया जाऐगा। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चे सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सचिव अजीत कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस की तैयारियां करवाई जा रही हैं। नगरपालिका परिसर में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। कार्यक्रम के लिए शहर भर के लोगों के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों और सभी पार्षदों को निमंत्रण दिया गया है। इस अवसर पर चेयरमैन विरेंद्र बंसल, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद प्रतिनिधि दिलप्रीत चहल, प्रतिनिधि लखविंद्र ढिल्लो व पार्षद प्रेमचंद प्रधान समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मोदी जो कहते हैं पूरी दुनिया सुनती हैः हरविंद्र कल्याण

# भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान पात्रों को दिया योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भरतपुर और मिर्गाहन पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा घरौंडा 19 जनवरी घरौंडा हलका के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कुछ कहते हैं उसे पूरी दुनिया न केवल सुनती है बल्कि उस पर अमल भी करती है। श्री मोदी ने विदेशों में भारत के गौरव को बढ़ाया है। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद घोटालों पर रोक लगी है और पूरे देश में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने हर वर्ग के कल्याण के लिए न केवल योजनाएं बनाई बल्कि उन्हें धरातल पर भी पहुंचाया। एक समय था जब सत्तासीन नेताओं में पैसा कमाने की होड़ लगी रहती थी लेकिन आज देश व समाज सेवा का कम्पीटीशन जारी है। भरतपुर में सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार और मिर्गाहन में कृष्ण लाल ने विधायक का स्वागत किया। दोनों गांवों में विधायक ने विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। दोनों गांवों में विधायक ने खुद भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकार विजेंद्र नरवाल ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये।



दोनों गांवों में पिछले 9 साल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई। श्री कल्याण ने कहा कि एक समय था जब विदेशी भारत को सपेरे का देश का कर खिल्ली उड़ाते थे लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। श्री मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक निर्णय लिया। अब वहां के गरीबों को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने आयुर्वेद और योग को बढ़ावा दिया है। प्राचीन संस्कृति को उभारा है। विदेशों में भी गीता जयंती के आयोजन होने लगे हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर मोटे अनाज का उपयोग भी बढ़ा है। भारत आज आर्थिक रूप से भी मजबूत हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का है। यह कार्य तभी संभव होगा जब हर व्यक्ति दायित्व का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों ने वोट के लिए झूठे वादे किए लेकिन भाजपा की कथनी और करने में अंतर नहीं है। भाजपा ठीक को ठीक और गलत को गलत कहने से गुरेज नहीं करती। भ्रष्टाचार पर नकल डालने के लिए ही पोर्टल, ई -टेंडरिंग और ऑनलाइन सेवाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने हलके में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। बताया कि भरतपुर में पहले केवल 20 बीपीएल कार्ड थे आज इनकी संख्या बढक़र 90 हो गई है। घरौंडा हलके में 27 हजार, मिर्गाहन में 171 और हरियाणा में 19 लाख नए बीपीएल कार्ड बने हैं। सभी बीपीएल कार्ड धारकों को राशन के अलावा साल में 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। जिन लोगों के मकान कच्चे, कडय़ों के अथवा टूटे हुए हैं, सरकार चरणबद्ध तरीके से आने वाले समय में उनके पक्के मकान बनवाएगी। श्री बीपीएल परिवारों की बेटियों के लिए सरकार ने कॉलेज स्तर पर पूरी फीस माफ करने का निर्णय लिया है। जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 से 3 लाख के बीच है उनकी बेटियों को आधी फीस अदा करनी होगी।

### वार्ड नम्बर 12 व 15 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**करनाल।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 12 व 15 में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान दोनों ही वार्डों में स्थानीय लोगों ने इस यात्रा का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वार्ड नम्बर 15 में मेयर रेनू बाला गुप्ता व वार्ड नम्बर 12 में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मेयर रेनू बाला ने इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग के लोगों के हितों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में वर्तमान में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि अंतिम और पात्र व्यक्ति तक सरकार की हर योजना का लाभ पहुंचे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी घर-द्वार पर ही जाकर प्रत्येक पात्र नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाने के लिए हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देना है। इस दौरान वार्ड पार्षद युद्धवीर सैनी ने उपस्थित लोगों को संकल्प शपथ भी दिलाई।

### मंदिर के प्रतिष्ठापन को देख आंसुओं छलक उठेः शम्मी बंसल

**करनाल।** हाल ही में अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठापन समारोह में भाग लेकर लौटे लिबर्टी शूज लिमिटेड के एमडी शम्मी बंसल ने कहा है कि वह भगवान राम लला की छवि देख कर वह आल्हादित हैं भावुक हैं। अपने आपको आनंदित महसूस कर रहे हैं। वह मर्यादित होकर भगवान राम के चरणों में शरणागत हैं। वह इस अवसर से संतुष्ट हैं। वह अपने अपको निशब्द महसूस कर रहे हैं। वह भगवान के दर्शन कर अपने आपको निर्विकार महसूस करते हुए राम मय महसू कर रहे हैं। अयोध्या से लौट कर श्री बंसल ने बताया कि उनके कुल देवता भगवन राम हैं।

# गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाने के लिए उपमंडल प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बुधवार को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्च पास्ट की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई । उपमंडलाधीश अशोक कुमार ने फुल ड्रेस रिहर्सल का अवलोकन किया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाली स्कूली टीमों एवं इंचार्ज को निर्देश दिए कि वे 26 जनवरी को कार्यक्रम में समय पर पहुंचें। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह देशवासियों के लिए एक गौरवशाली दिन है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह नई अनाज मंडी परिसर में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह में 26 जनवरी को इंद्री में करनाल के सांसद संजय भाटिया ध्वजारोहण करेंगे और परेड का निरीक्षण कर सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर पहली टुकड़ी पुलिस के जवानों, दूसरी प्लाटून शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी बॉयज कैडेट्स, तीसरी टुकड़ी शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी गर्ल्स, चौथी टुकड़ी सर्व विद्या पब्लिक स्कूल एनसीसी के छात्र मार्च पास्ट में भाग लेगें। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उपमंडल की शिक्षण संस्थाओं के सैकड़ों बच्चों द्वारा स्पेशल मास पी.टी.शौ का प्रदर्शन भी किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए की गई अंतिम फुल ड्रेस रिर्हसल के अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी साहब सिंह, मार्किट कमेटी के सचिव दीपक सुहाग, नगर पालिका सचिव धर्मबीर, थाना प्रभारी अजायब सिंह रहे।


इंद्री। इंद्री अनाज मंडी मे गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल करते स्कुली बच्चे ।

# राममय हुआ घरौंडा, शहर में निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राममय हुआ घरौंडा, शहर में निकली शोभायात्रा। जगह जगह पर हुआ जोरदार अभिनंदन। विधायक कल्याण नें की अगुवाई। घरौंडा-20जनवरी(कमल धीमान) अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शहर की नई अनाज मण्डी में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरविंदर कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा की लंबे संघर्ष के बाद 22.जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम विराजमान होने जा रहे हैं जो कि सभी भारत वासियों के लिए एक गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि लाखों कार सेवकों की क़ुर्बानी व लंबे संघर्ष के बाद आज वो ऐतिहासिक पल आया है जब 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व देश के बड़े संतों के नेतृत्व में भगवान राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होगी जो करोड़ों भारतीयों के लिए एक गर्व का क्षण होगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति आज लगातार मजबूत हो रही है। बाद में शहर मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई जिसका शहर में लोगों ने पुष्पों की वर्षा के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम को लेकर लोगों में भारी उत्साह दिखाई दिया ओर पूरा घरौंडा श्री राम के रंग में डूबा दिखाई दिया।

## सरकारी योजनाओं की जानकारी हर गांव के हर घर तक

# चुनाव से पहले भाजपा चलाएगी गांव चलो अभियान

- प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने की अध्यक्षता में करनाल में हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला कार्यशाला में जिला अध्यक्षों, कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

तीसरी बार सरकार बनाने के मिशन को लेकर आगे बढ़ रही भाजपा अब ''गांव चलो अभियान'' शुरू करने जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिशा निर्देशों पर बुधवार को करनाल स्थित पार्टी कार्यालय ₹कर्ण कमल₹ में प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का




आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के जिला अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को अभियान के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को हर गांव के हर घर तक पहुंचाना है। कार्यशाला के बाद भगवान विश्वकर्मा योजना को लेकर बैठक हुई, जिसमें योजना के विस्तार को लेकर मंथन हुआ।

### कांग्रेस पार्टी को बताया भ्रष्टाचार का अड्डा

बैठक के बाद सैनी ने मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी, एसआरके ग्रुप और पूर्व सीएम हुड्डा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो भ्रष्टाचार करते हैं उनके खिलाफ ईडी की जांच होती है। हुड्डा साहब से भ्रष्टाचार पर ईडी पूछताछ कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने बताया कि ₹गांव चलो अभियान₹ के संयोजक डा. पवन सैनी बनाए गए हैं। इसके अलावा राहुल राणा, वेद फूल्ला, समय सिंह भाटी को सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों से संपर्क साधने के लिए देशभर में 4 से 11 फरवरी तक ''गांव चलो अभियान'' चलाएगी। गांव चलो अभियान को लेकर हुई इस कार्यशाला में अभियान के उद्देश्य के बारे में पदाधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मोदी सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाया जा सके। कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र की तरफ से आए निर्देशों को भी पदाधिकारियों के सामने रखा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए यहां प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबों, मजदूरों और कामगारों के लिए कभी ठोस नीति को धरातल पर नहीं उतारा। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने 10 वर्षों में गांवों की तस्वीर को बदला है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर जिला पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। जिला पुलिस द्वारा जिले भर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के आदेश दिए गए । 26 जनवरी 2024 को पुलिस लाईन मे महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री मति कमलेश द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। आयोजन स्थल व आयोजन स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आयोजन स्थल के आसपास की सुरक्षा के लिए पीसीआर व चीता राइडरों को तैनात किया गया है। जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने के लिया पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किये गये। आयोजन स्थल के प्रवेश द्वार पर मैटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के मध्य नजर आयोजन स्थल व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रोन व ग्लाइडर उडाने पर पाबन्दी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत यात्रा में जनता ने संकल्प शपथ ली

**पानीपत।** विकसित भारत यात्रा बुधवार को समालखा के मॉडल टाऊन क्षेत्र में पहुंची। जहां पर भाजपा नेता शिवकुमार जैन ने उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलवाई और सम्बोधित भी किया। भाजपा नेता शिवकुमार जैन ने कहा कि वर्तमान सरकार में गरीब आदमियों के लिए बेशुमार योजनाएं हैं। पहले गरीब आदमी कर्ज लेकर ईलाज करवाता था लेकिन सरकार ने आयुष्मान कार्ड देकर सभी गरीब लोगों को खुशहाल कर दिया है। वित्तिय दृष्टिद्द से हमार देश आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आज

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के सभागार में 25 जनवरी वीरवार को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित जायेगा। कार्यक्रम में नये मतदाताओं को वोटर कार्ड भी वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया बतौर मुख्यअतिथि भाग लेंगे। यह जानकारी तहसीलदार निर्वाचन सुदेश राणा ने दी।

### घर से नकदी व आभूषण चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की कुटानी रोड स्थित बतरा कॉलोनी निवासी मीना के घर से चोरों ने तीन तोले वजनी सोने के आभूषण और आठ तोला वजनी चांदी के आभूषण व 40 हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली। मीना अपने मकान को बंद कर अपने भाई राजेश निवासी गांव कुटानी के पास गई हुई थी। इधर, राजेश की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने चोरी के आरोप में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेश ने बताया कि चोरी की इस घटना से उनकी बहन मीना का करीब दो लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

### पटवारियों की हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन

**पानीपत।** पानीपत में चल रही पटवारियों की हड़ताल को कांग्रेस विधायक बलबीर वाल्मीकि का समर्थन मिला है। इसराना विधानसभा से वाल्मीकि, बुधवार को पुरानी तहसील में चल रहे पटवारियों के धरना स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार कर्मचारियों की आवाज दबाकर उन्हें लगातार धरने प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रही है। इस कड़ाके की सर्दी में 22 दिन से हरियाणा के पटवारी और कानूनगो सांकेतिक धरने पर बैठे हुए हैं। उनकी जायज मांगों को भी न मानकर सरकार लोकतंत्र से हर वर्ग का विश्वास खत्म कर रही है।

### त्रिवार्षिक चुनाव में सुरेंद्र शर्मा बने प्रधान

**पानीपत।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन सब यूनिट मतलौड़ा का त्रिवार्षिक चुनाव आज संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव प्रवेक्षक स्टेट कमेटी सचिव जितेंद्र सैनी ,सिटी यूनिट सचिव प्रमोद शर्मा, पूर्व प्रधान जय भगवान सैनी, यूनिट प्रधान सतेंद्र पुनिया, सचिव शिवकुमार की निगरानी में संपन्न हुआ। जिसमें कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से प्रधान सुरेंद्र शर्मा, उप प्रधान संजय सैनी,सचिव अमित कुमार, सह सचिव कमल शर्मा, कैशियर विकास, संगठनकर्ता प्रवीन, संदीप और मेंबर पद के लिए आशीष व मोहित मान को चुना गया।

### एचसीपीएस ने मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** हरियाणा कम्पयुटर प्रोफेशनल्ज संघ द्वारा एक मांग पत्र उपमंडल अधिकारी ना. के माध्यम से मुख्य प्रधान सचिव मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के नाम रिव्यू मीटिंग जल्दी से जल्दी भारतीय मजदूर संघ के साथ करने बारे पूरे हरियाणा में ज्ञापन प्रक्रिया के तहत सभी उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

### मारपीट करने के आरोप में पति के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** शराब पीकर गालियां देने से रोकने पर पति ने अपनी पत्नी से मारपीट की। परेशान होकर उसने अपने पति की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सीएम ने जिला सचिवालय में वर्चुअल चार परियोजनाओं का लोकार्पण किया

# मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में लिखा गया नए विकास का अध्याय: भाटिया

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले को 171 करोड़ की 6 विकास परियोजनाओं की सौगात दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत के जिला सचिवालय में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए सांसद संजय भाटिया व विधायक महिपाल ढांडा आदि।

मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 19 जिलों की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी और जिला स्तरीय कार्यक्रम में करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद संजय भाटिया, राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व विधायक महीपाल ढांडा ने जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले को 171 करोड़ रुपये की 6 विकास परियोजनाओ की सौगात दी है। इस मौके पर लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद व कुशल नेतृत्व में जिले में नये विकास का अध्याय लिखा गया है। हमें सुशासन के स्वपन को साकार करने के लिए मिलकर कार्य करना होगा। जिले का यह सौभागय है जो इतनी बड़ी सौगात सरकार ने दी है। इन परियोजनाओं से जिले के विकास को बल मिलेगा। यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व से ही संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री की प्रदेश को विकास के मामले में आगे ले जाने वाली सोच से जिले को परियोजनाएं मिली हैं। उन्होंने वर्चुअल कार्यक्रम में 4 परियोजनाओं का उद्घाटन किया व दो परियाजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक महीपाल ढांडा, उपायुक्त डॉ. वीरेद्र कुमार दहिया, निगमायुक्त राहुल नरवाल, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुडडा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप, सीटीएम राजेश सोनी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्यो को जो बल दिया गया है आने वाली पीढी उसे याद रखेंगी। जो विकास के जो शेष कार्य बचे हैं उन पर अधिकारियों को तत्परता से कार्य करना चाहिये। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने सांसद को आश्वासन दिया की जो विकास कार्य प्रगति पर है उनको बहुत शीघ्रता से पूर्ण किया जायेगा। कार्यक्रम में पहुंचे राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्ग दर्शन में प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बैसर गांव में तीन करोड़ की लागत के होने वाले विकास कार्यो पर और गति से कार्य करने के लिए अधिकारियों के निर्देश दिये। राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास को गति मिली है। अब प्रदेश में पर्ची व खर्ची का जमाना चला गया। जो भी सरकारी नियुक्तियां हो रही है उनमें पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जा रही है। मैरिट के आधार पर युवाओं का नौकरियों में चयन किया जाता है। पानीपत ग्रामीण से विधायक महीपाल ढांडा ने कहा कि जो अधिकारी सरकारी कार्यो को करने में देरी कर रहे हैं उनके विरूद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### इन विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ

देवी कॉलोनी में 15 एमएलडी एसटीपी और मुख्य पंपिंग स्टेशन और बरसत रोड पर 25 एमएलडी क्षमता की लागत 87.22 करोड़ रुपये होंगे। सनौली रोड को फोरलेन किया जायेगा जिस पर करीब 76 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। गढ़ी सरनाई में 33 केवी सब स्टेशन के लिए 3.9 करोड़ रुपये खर्च। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के भवन के निर्माण पर 30 लाख रुपये खर्च। सरकारी पशु चिकित्सालय पर 30 लाख रुपये खर्च होंगे। कुटानी गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे।

## योग शिक्षक सतीश को गणतंत्र दिवस का मिला न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



■ योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए निमंत्रण मिला

पानीपत आयुष विभाग के योग शिक्षक सतीश नैन दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शिकरत करेंगे। योग शिक्षक सतीश नैन को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में आयुष विभाग पानीपत की तरफ से अतिथि के रूप मे उपस्थित होने का निमंत्रण मिला। आयुष योग सहायक सतीश नैन ने बताया कि दिल्ली में होने वाले 75वें गणतंत्र दिवस पर अतिथि के रूप मे उपस्थित होने का निमंत्रण मिला है, जिसमें वे सपरिवार शिरकत करेंगे।

## गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड करेंगे किसान संगठन

■ कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के किसान भवन में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संकल्प सभा ट्रैक्टर परेड कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन जिला पानीपत की बैठक किसान यूनियन के जिला प्रधान सूरजभान रावल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी के संयोजक जयकरण कादियान, सह संयोजक सुनील दत्त, किसान सभा के जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक, एटक राज्य सचिव कामरेड दरियाव सिंह कश्यप, सर छोटू राम भारतीय किसान यूनियन के राज्य महासचिव हरेंद्र राणा, उप प्रधान आजाद सिंह बैरागी, इसराना ब्लॉक के उप प्रधान अजमेर सिंह कुहाड़, राजवीर गढी भल्लोर, राजेश जाटल, पानीपत ब्लॉक प्रधान करण सिंह व राजपाल आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** सांसद संजय भाटिया को बुके व मिठाई भेट करते जयदेव नौल्था।

### भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टीः जयदेव

**पानीपत।** सांसद संजय भाटिया, सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक महिपाल और भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने जयदेव नौल्था का भाजपा में आने पर जोरदार स्वागत किया और भरोसा दिया कि उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। स्मरणीय है कि जयदेव नौल्था जननायक जनता पार्टी यानी जेजेपी के प्रवक्ता थे और जेजेपी के टिकट पर पानीपत शहरी विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। गत दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नसीब सैनी के नेतृत्व में जयदेव नौल्था ने जेजेपी को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वरिष्ठ भाजपाइयों का मानना है कि जयदेव नौल्था के बीजेपी में आने से पार्टी का जिला पानीपत के साथ विशेष कर इसराना विधानसभा क्षेत्र में दलित वोटरों का भाजपा को लाभ होगा। वही जयदेव नौल्था ने दावा किया कि भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है।



**पानीपत।** सांसद संजय भाटिया को बुके व मिठाई भेज करते जयदेव नौल्था।

### राष्ट्र की तरक्की का आधार बनती है बेटियांः डॉ अनुपम

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। वहीं हाल ही में केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कॉलेज पहुंचकर बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान को गति प्रदान की थी। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कॉलेज के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को समाज से विविध बुराइयों को खत्म करने के लिए शपथ दिलाई गयी और बालिकाओ को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढने की शुभकामना दी गयी। प्राचार्य डॉ अरोडा के साथ कॉलेज एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.पवन कुमार, डॉ.एसके वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया, प्रो.मनोज कुमार और प्रो.विशाल गर्ग उपस्थित रहे। वहीं बालिका चेतना रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने हाथ में प्लाकार्ड उठाये जिनपर मैं शिक्षित हूं, मैं सामर्थ हूं, और मैं देश का गौरव हूं जैसे संदेश लिखे हुए थे। डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि आज चाहे खेल का हो मैदान हो या राजनीति, घर हो या उद्योग हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी छाप छोड़ी है । देश सेवा के हर क्षेत्र में लड़कियां समान रूप से भागीदारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि


**पानीपत।** मां शाकुम्भरी सेवा मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल प्रेस वार्ता करते हुए।

## मन की शांति के लिए धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मां शाकुम्भरी सेवा मंडल द्वारा माता शाकुंभरी देवी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में एक शाम मां शाकुंभरी देवी के नाम कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को शाम 4 बजे श्री देवी मंदिर के प्रांगण में किया जा रहा है। मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में एक शाम मां शाकुंभरी देवी के नाम में चुलकाना धाम के पुजारी देवेंद्र एवं ब्रह्मचारी जी महाराज श्री अव्यय नंद का पावन सानिध्य रहेगा। वहीं प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा, प्रियंका मालरा, हेमा ठाकुर ,जतिन जिंदल, मनोज पांचाल महामाई का गुणगान करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक महीपाल ढांडा ,प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय जैन ,कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू ,समाजसेवी ईश्वर गोयल, समाजसेवी सत्यनारायण रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में महंत बेबी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विनोद पांचाल ,समाजसेवी जय भगवान ,कुणाल जैन आदि भाग लेंगे।

### आईजी ने रिहर्सल का निरीक्षण किया

**पानीपत।** करनाल रेंज के आईजी सतेन्द्र कुमार गुप्ता ने बुधवार को शिवाजी स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाअभ्यास में ध्वजारोहण किया और उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के साथ गणतंत्र दिवस फाईनल रिहर्सल कार्यक्रम का निरीक्षण किया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के बाद डीसी वीरेन्द्र दहिया ने कहा कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दिवस पर मुख्यअतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ध्वजारोहण करेंगे।

## बेटियों को भी बेटों की तरह पाले अभिभावक : सविता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय माध्यमिक विद्यालय महराना में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों को सम्मानित किया गया। नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अभिभावकों से आग्रह किया कि वह बेटियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर दें, उन्हें प्रोत्साहित करें, शिक्षा द्वारा उनका सशक्तिकरण करें और परिवार के स्तर पर ही उनके प्रति भेदभाव को समाप्त करें। विद्यालय की नीता रानी ने कहा कि बेटियों को बचपन से ही अवसर की समानता, देखभाल और स्वास्थ्य के प्रति भेदभाव का सामना करना पड़ता है। वहीं, इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लड़कियों के अधिकारों और उनके लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर रामपाल सहरावत, राजेश पीटीआई, रिंकू रानी, वीर सिंह, सिल्की हरिओम रमा आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** अंबेडकर भवन में बालिका दिवस पर एकत्र बेटियां आदि।

## अधिकारों के प्रति जागरूक हो नारीः सुधा

**पानीपत।** नूरवाला स्थित अंबेडकर भवन में समाधान अभियान संस्था द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। समाधान अभियान सामाजिक संस्था के पानीपत प्रोजेक्ट के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से 24 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दिन को मनाने की शुरूआत साल 2008 में की गई, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और उनके सशक्तिकरण व मानवाधिकारों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करना था। समाधान अभियान संस्था की पानीपत कोऑर्डिनेटर सुधा झा ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### समस्याओं के निपटारे के प्रति गंभीर हो अधिकारी

**पानीपत।** लोक सभा सांसद संजय भाटिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में लोगी की समसयाओ को सुनते हुए कहा कि हर समस्या का समाधान होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा क भी इसी उद्ददेश्य को लेकर जिले के हर गांव में पहुंची है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से ले व तय समय सीमा में उनका कार्य करें। उन्होंने अनेक ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर अधिकारियों के सहयोग से निदान किया। इस मौके पर विभिन्न वार्डों के लोगों ने उनका बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर असंध के पूर्व विधायक सरदार बख्सीश सिह भी मौजूद रहे।



आर्य कॉलेज में बालिका दिवस मनाते हुए एनएसएस के स्वयंसेवी विद्यार्थी।

### आर्य कॉलेज में बालिका दिवस पर हुई सेल्फी विद डॉटर

**पानीपत।** आर्य पी.जी कालेज की एन.एस.एस इकाई द्वारा 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया गया। कॉलेज की एन.एस.एस इकाई द्वारा पानीपत शहर के अंदर रैली निकाली गई। साथ ही 'सेल्फी विद डॉटर' प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। एन.एस.एस स्वयंसेवकों के द्वारा महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी को अधिकार दो- बेटों जैसा प्यार दो विषय पर पोस्टर भी बनाए गए। इस कार्यक्रम में एन एस एस विद्यार्थियों ने बढ़ - चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि 2014 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत से की थी, आज वो अभियान सही अर्थों में चरितार्थ हो रहा है। भारतीय समाज में बालिकाओं के सामने आने वाली असमानताओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है।

## आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व शिक्षा दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन

# बेटियों के शिक्षित होने पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा : आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में विश्व शिक्षा दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य रहे और विशिष्ट अतिथि सरदार नृपेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से और राष्ट्रगान के साथ ही समारोह का समापन हो गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। मंच संचालन डीपी जगदीश आर्य ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा विकास की धूरी है शिक्षा के बल पर ही कोई देश विकसित राष्ट्र बन सकता है। इसलिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही बालिकाओं को सम्मानित स्थान प्राप्त है। भारत में कोई भी मांगलिक कार्य बालिकाओं और महिलाओं के बिना पूर्ण नहीं होता। इसके के दृष्टिगत 24 जनवरी को प्रतिवर्ष भारत में राष्ट्रीय बालिका दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के सम्मान को बढ़ावा देने , बालिकाओं के अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने, बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के अलावा बालिका स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ताकि 21वीं सदी में राष्ट्रीय बालिका दिवस और राष्ट्रीय निर्माण को एक लक्ष्य बनाकर इस दिवस को सार्थकता प्रदान की जा सके।


**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान के साथ मेधावी छात्राएं।

**न्यायालय श्री माननीय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार तहसील व जिला पानीपत।**

ममता छाबड़ा धर्मपत्नी श्री लोकेश छाबड़ा सुपुत्र श्री तिलक राज छाबड़ा निवासी दुकान कम मकान नम्बर 22, माडल टाउन पानीपत

बनाम

जनरल पब्लिक

**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत वसीयतनामा पंजीकृत करने बारे नोटिस**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है, स्व. श्री लोकेश छाबड़ा सुपुत्र श्री तिलक राज छाबड़ा ने अनपंजीकृत वसीयत दिनांक 15/08/2023 को अपनी चल व अचल सम्पत्ति की बाबत अपनी पत्नी श्रीमती ममता छाबड़ा धर्मपत्नी श्री लोकेश छाबड़ा सुपुत्र श्री तिलक राज छाबड़ा निवासी दुकान कम मकान नम्बर 22, माडल टाउन पानीपत के पक्ष में लिखवा रखी है। जिसको मरणोपरान्त पंजीकृत करवाने के लिए प्रार्थी ने मेरे कार्यालय में प्रस्तुत की है। वसीयतकर्ता स्व. श्री लोकेश छाबड़ा सुपुत्र श्री तिलक राज छाबड़ा की दिनांक 18/08/2023 को मृत्यु हो चुकी है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। इसलिए अब इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस वसीयतनामा के पंजीकरण होने में कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की ई-मेल आईडी E-Mail ID. tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अंदर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते हैं। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत नियमानुसार पंजीकृत कर दी जावेगी।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 15.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

# अद्दो माजरा से फडौली तक सड़क के साथ ओवरब्रिज का होगा निर्माण

- ग्रामीणों की सालों पुरानी मांग पूरी
- विधायक ने सीएम का जताया आभार

## सीएम ने वीसी के जरिए ग्रामीणों को दी तीन परियोजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को वीसी के माध्यम से 2024 करोड़ रुपये की लागत से 153 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें तीन विकास परियोजनाएं जिले से जुड़ी हैं। इसी कड़ी में पंचायत भवन के सभागार में विधायक असीम गोयल नन्यौला ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान 28 करोड़ रुपये की लागत से तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में अद्दो माजरा से बड़ौली तक नवनिर्मित सडक़ व उच्चस्तरीय पुल, रायपुररानी से नारायणगढ़ रोड़ का सुदृढ़ीकरण तथा लालपुर से रजौली तक नवनिर्मित सडक़ व उच्चस्तरीय पुल तथा शामिल हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने संदेश में इन परियोजनाओं की सौगात मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि 19 जिलों में 2024 करोड़ की 153 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है। इनमें 1038 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व 686 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से यह आठवां कार्यक्रम है। पहले सात कार्यक्रमों के माध्यम से 15091 करोड़ रुपये की 1459 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 2024 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है।

इस मौके पर विधायक असीम गोयल नन्यौला ने जिन परियोजनाओं की सौगात दी है उसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अद्दो माजरा से बड़ौली तक ओवर ब्रिज की मांग बहुत पुरानी थी। पूर्व की सरकारों में जब नग्गल से हरमोहिंद्र सिंह चठ्ठा विधायक थे तो 20-25 ग्राम पंचायतों ने यहां पर ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग रखी थी लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस गांव को पहले सामुदायिक भवन की सौगात दी। यहां पर ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग रखी तो उन्होंने तुरंत इसे अपनी स्वीकृति दे दी। इस ओवरब्रिज व सडक़ के बनने से आवागमन में आसानी होगी तथा ग्राम वासियों को शाहाबाद जाने का भी सुगम रास्ता उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्यों को करवा रहे हैं। नारायणगढ़ क्षेत्र में भी दो परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है, जिनमें रायपुररानी से नारायणगढ़ रोड़ का सुदृढ़ीकरण तथा लालपुर से रजौली तक नवनिर्मित सडक़ व उच्चस्तरीय पुल तथा शामिल हैं।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अद्दो माजरा के सरपंच सरजंट ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला का इस ओवरब्रिज की सौगात देने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. शालीन, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग नवनीत नैन, कार्यकारी अभियंता राजकुमार, डीआईओ अरविंद्रजीत, एसडीओ दलबीर, रितेश गोयल, सरपंच अद्दो माजरा सरजंट, संजीव गोयल टोनी, आर्यन बतरा, अर्पित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी में युवक से 22.40 ग्राम हेरोइन जब्त

**मुलाना।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट ने एक नशा तस्कर से 22.40 ग्राम हेरोइन समेत काबू किया है। ब्यूरो उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह व यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सतबीर सिंह राठौड़ ने बताया कि मुलाना में फ्लाइओवर के नजदीक यूनिट की एक पुलिस टीम गश्त पर मौजूद थी। तभी उन्हें सूचना मिली कि अजराना गांव का राहुल स्मैक बेचने का काम करता है।

### सरकार को सत्ता से हटाने का मन बना चुकी जनता

**मुलाना।** 3 फरवरी को होने वाली कांग्रेस की जन आक्रोश रैली को लेकर बुधवार को रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुलाना से विधायक वरुण चौधरी ने की। चौधरी ने कहा वह सभी को जनाक्रोश रैली का न्योता देने आए हैं। उन्होंने कहा कि इस रैली में कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान , पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा पहुंचेंगे।

### चोरी के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र से चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। महेशनगर के संजीव ने 23 जनवरी 2024 शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मुकेश कुमार ने उसकी आटा चक्की में घुस कर सामान चोरी करने का प्रयास किया है।

### दहेज उत्पीड़न में महिला शामिल जांच

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 16 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 फरवरी 2023 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं।

### धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र में किशोरी से दुर्व्यवहार कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ गूंगा को गिरफ्तार किया है।

### कड़ाके की सर्दी में पुलिस के जवानों ने भी दिखाया दम

# फुलड्रेस रिहर्सल में स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मचाई धूम

- डीसी डॉ. शालीन ने तिरंगा फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली, गणतंत्र दिवस समारोह की तमाम तैयारियां पूरी, पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस लाइन ग्राउंड में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। बुधवार को डीसी डॉ. शालीन ने पुलिस फुलड्रेस रिहर्सल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही मार्च पास्ट की सलामी ली। एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा, एसडीएम दर्शन कुमार, एएसपी दीपक कुमार, पूजा डाबला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न टुकडियों के प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फाइनल रिहर्सल का अवलोकन किया। इससे पहले उपायुक्त ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करके शहीदों को नमन किया। उन्होंने बताया कि 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्च पास्ट की फाइनल फुलड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को पुलिस लाइन में जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। साथ ही मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता सैनानियों, युद्ध वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों, आपातकालीन पीड़ित व हिंदी आंदोलन के सत्याग्रहियों को सम्मानित भी किया गया है।

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की कमांड डीएसपी अनिल कुमार कर रहे हैं। फाइनल रिहर्सल में जिला पुलिस की टुकड़ी की अगुवाई पीएसआई अजय क ने की। जबकि पुलिस महिला की टुकड़ी में पीएसआई रजनी को नेतृत्व करने का मौका मिला। राजकीय रेलवे पुलिस पुरूष की टुकडी में एएसआई अजय कुमार व गृहरक्षी की टुकड़ी की अगुवाई एसआई कपिल ने की। एनसीसी द्वितीय हरियाणा बटालियन की टुकड़ी का नेतृत्व आरएन कौशिक ने किया जबकि एनसीसी गर्ल्ज की टुकड़ी ऐशली के नेतृत्व में निकाली गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य-भारत के कोने-कोने में धूम मची हरियाणा की आने पर शानदार प्रस्तुति दी। इसी प्रकार राजकीय कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पंजाबी गिद्दा, एसए जैन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी नृत्य, डब्ल्यूसीडी विभाग नारायणगढ़ द्वारा पेट्रीओडीक ग्रूप डांस, एमएम यूनिवर्सिटी मुलाना के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य, दर्शन अकादमी छावनी के विद्यार्थियों द्वारा थीम बेस पेट्रीओडीक डांस, एसवीएम बाल भारती स्कूल अंबाला शहर के विद्यार्थियों द्वारा भंगड़ा की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रगान की प्रस्तुति एसए जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई। शिवालिक गुरूकुल आलियापुर के विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार व योग तथा विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा मास पीटी की भी बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन की भूमिका ज्योति रानी व डॉ. सुखबीर ने बखूबी निभाई।

उपायुक्त ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।





अंबाला। तिरंगा फहराने के बाद मार्च पास्ट की सलामी लेते डीसी व फुल ड्रेस रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली छात्र।





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगराधीश विश्वजीत, ईओ रोहित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।



नारायणगढ़। मार्चपास्ट की सलामी लेते हुए एसडीएम व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

## सांसद कार्तिकेय शर्मा फहराएंगे तिरंगा फुलड्रेस रिहर्सल में छात्रों ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

उपमण्डल स्तर पर अनाज मंडीमें आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा तिरंगा फहराएंगे। समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की बुधवार को फाइनल फुलड्रेस रिहर्सल हुई। एसडीएम सी जया शारदा ने खुद इसका अवलोकन किया। एसडीएम राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली।इस दौरान उन्होंने विभिन्न टुकडियों के प्रदर्शन का अवलोकन किया तथा जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।रिहर्सल में पुलिस की टुकड़ी के अलावा विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज की एनसीसी की टूकडियों द्वारा मार्च पास्ट/परेड की गई। परेड कमांडर एसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में मार्च पास्ट की फाइनल रिहर्सल की गई।इसमें पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व एएसआई निर्मल सिंह द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिर्हसल में डीएवी स्कूल , एसडी स्कूल, सनराईज स्कूल बनौंदी, प्राइम स्टेप इंटरनेशनल स्कूल शहजादपुर, मां भगवती निकेतन स्कूल शहजादपुर, पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। रिहर्सल में एसडी स्कूल के बच्चों ने डंबल की तथा रणभूमि अकादमी के बच्चों ने मार्शल आर्ट का बेहतरीन प्रदर्शन किया। रिहर्सल के समापन अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्र गान की प्रस्तुति दी। रिहर्सल में देश भक्ति, हरिणावी, पंजाबी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मौके पर नायब तहसीलदार संजीव अत्री, खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल व खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति सभ्रवाल शहजादपुर, प्रिंसिपल सुरेश गोयल, प्राध्यापक कुलवंत सिंह, एसडीएम कार्यालय के एएसआर शिव शंकर वन राजिक अधिकारी मोहन लाल, एसडीओ अंकुश सहगल, एनसीसी अधिकारी सतपाल व गुरदीप सिंह समेत कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## सांसद कृष्ण फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज, अंबाला छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर हुई फुलड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस की फुलडे्रस रिहर्सल एसडी कॉलेज छावनी में हुई। एसडीएम लक्षित सरीन ने उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुलड्रैस रिहर्सल में ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। फुलड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड की कमांड पीएसआई सुशील कुमार ने की। जिला पुलिस की टुकड़ी ने पीएसआई कंवलजीत, एनसीसी ब्वायज की टुकड़ी ने सीनियर अंडर ऑफिसर अनूप शर्मा, एनसीसी गर्ल्ज की टुकड़ी ने अनिशा के नेतृत्व में, डीसी मॉडल स्कूल की एनसीसी जूनियर विंग की टुकड़ी ने हर्षित, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकरा मार्किट की एनसीसी की टुकड़ी ने कृष्णा के नेतृत्व में, एसडी कॉलेज की एनएसएस की टुकड़ी ने मोहित के नेतृत्व में, यूथ रेड क्रास की टुकड़ी ने महक गुप्ता के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्र छाए रहे। छात्रों ने देशभक्ति गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शानदार प्रदर्शन किया। एसडी स्कूल चकवाल तोपखाना के बच्चों द्वारा बैंड की प्रस्तुति, एसडी विद्या स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी गई। एसडीएम ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह मं सांसद श्री कृष्ण लाल पंवार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।



अंबाला। फुलड्रेस रिहर्सल में शानदार प्रस्तुति देती छात्राएं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएसपी आशीष चौधरी, नायब तहसीलदार यशवंत सिंह, बीईओ अर्चना, एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल राजेंद्र राणा, खेल अधिकारी राम निवास, बीआरसी नरोत्तम, प्रिंसिपल शैलजा, प्रिंसिपल नरेंद्र राणा, प्रिंसिपल राम गुप्ता के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## फुल ड्रेस रिहर्सल में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां, बीडीपीओ ने ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अनाज मंडी में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रैस रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीडीपीओ सुशील मंगला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने पीटी शो, डीएवी व मॉडर्न एजुकेशन स्कूल अधोया के विद्यार्थियों ने योग, पीएससी जैन स्कूल के विद्यार्थियों ने डांस, गुरूकुल स्कूल बराड़ा के विद्यार्थियों ने देशभक्ति डांस, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल बराड़ा के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, डीएवी पब्लिक स्कूल बराड़ा के विद्यार्थियों ने डांस, राजकीय आईटीआई के विद्यार्थियों ने हरियाणवी नृत्य, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने देशां में देश हरियाणा गीत, एसएमएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य पर अपनी प्रस्तुति दी। एसएमएस खालसा लबाणा गर्ल्ज कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी गई। परेड कमांडर पीएसआई अमित कुमार व प्लाटून कमांडर रोशन के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया गया। बीडीपीओ सुशील मंगला ने बताया कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रातः 9: 58 बजे अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।



बराड़ा। फुल ड्रेस रिहर्सल में प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।



### कैंसर इलाज में हटाए गए हिस्से का सफल रीकन्स्ट्रक्शन संभव

**चंडीगढ़।** कैंसर के उपचार के दौरान सर्जिक्ली हटाए गए शरीर के अंगों का रीकंस्ट्रक्शन करना अब संभव है। प्लास्टिक व ऑन्को सर्जन मिल कर उसी समय मिसिंग अंग का पुनर्निर्माण कर सकते है।"पारस हेल्थ पंचकूला में प्लास्टिक सर्जरी के डायरेक्टर डॉ रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि हालांकि कैंसर की सर्जरी का प्राथमिक उद्देश्य प्रभावित हिस्से को पूरी तरह से हटाना है, लेकिन इससे अक्सर पेशेंट की अपीयरेंस प्रभावित होती है। यह सिर, गर्दन और चेहरे जैसे एक्सपोज्ड बॉडी पार्ट्स लिए विशेष रूप से सच है।डॉ रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि इसी तरह ब्रेस्ट कैंसर मरीज पर कैंसर दोहरी मार डालता है। ऐसे मामलों में कैंसर के उपचार का मतलब ब्रेस्ट का कुछ हिस्सा या पूरा हिस्सा हटाना पड़ सकता है। इससे फीमेल मानसिकता को बड़ा आघात पहुंचता है।

### लिंब साल्वेज सर्जरी से हुआ दुर्लभ कूल्हे की हड्डी के कैंसर का सफल उपचार

**चंडीगढ़।** 24 जनवरीः दुर्लभ प्रकार के कूल्हे की हड्डी के कैंसर से जूझ रहे कुरुक्षेत्र के 47 वर्षीय पंजाबी लेक्चरर को मैक्स अस्पताल, मोहाली में उपचार के बाद नया जीवन मिला।मरीज को लगभग 3-4 महीने से चलने में लंगड़ाहट के साथ-साथ बायीं कमर और कूल्हे के क्षेत्र में दर्द की समस्या थी। समय के साथ हालत धीरे-धीरे बिगड़ती जा रही थी। मैक्स में गहन जांच की गई और एक्स-रे से पता चला कि ट्यूमर के कारण हिप सॉकेट बुरी तरह से प्रभावित हो चूका था।डॉ. रजत गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार आर्थोपेडिक ऑन्कोलॉजी ने कहा, "सुई की मदद से हड्डी का एक छोटा सा टुकड़ा लिया गया और विश्लेषण के लिए भेजा गया, जिसने एसिटाबुलम के एक दुर्लभ प्रकार के हड्डी के कैंसर 'चोंड्रोसारकोमा' के निदान की पुष्टि की। गनीमत थी की मरीज समय पर हमारे पास पहुंच गया और कैंसर शरीर के किसी अन्य हिस्से में नहीं फैला।"मरीज को लिंब साल्वेज सर्जरी के लिए ले जाया गया जहां कैंसरग्रस्त हिप सॉकेट को एक पीस में रिमूव किया गया।रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. पंकज अरोड़ा ने बताया कि हिप सॉकेट को रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में भेजा गया जहां सभी कैंसर सेल को नष्ट करने के लिए रेडिएशन की बहुत हाई डोज़ दी गई।उन्होंने आगे कहा कि साफ की गई हड्डी को प्लेट और स्क्रू की मदद से मरीज में वापस फिक्स कर दिया गया।मरीज को फिजियोथेरेपी प्रोटोकॉल पर रखा गया और फॉलो-अप की सलाह दी गई।

### सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर तुरंत मांगों पर विचार करने को कहा

# चक्काजाम किया, हड़ताल के कारण यात्री परेशान

- मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला-नारायणगढ़

कई मांगों को लेकर बुधवार को हरियाणा रोडवेज के चालकों ने बसों का चक्का जाम कर दिया। इसकी वजह से यातायात पर बुरा असर पड़ा। खासकर सरकारी बसों में यात्रा करने वाले लोग इसकी वजह से बेहद परेशान रहे।

पूरे दिन वे प्राइवेट वाहनों में ही धक्के खाते रहे। इस दौरान रोडवेज कर्मचारियों ने मांगों लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने सरकार के सामने हिट एंड रन कानून को तुरंत वापिस लेने, 265 मार्गों पर असीमित परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसें शामिल करने, परिचालक चालक क्लर्कों की वेतन विसंगति दूर करने, देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लेने, 2002 में भर्ती हुए चालकों को नियुक्ति से पक्का करके पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन देने की मांग की गई। कर्मचारियों ने मांगों को लेकर बसों का चक्का पूरी तरह से जाम रखा। हरियाणा राज्य परिवहन उपकेंद्र नारायणगढ़ के कर्मचारियों ने हड़ताल रखते हुए पूर्ण चक्का जाम रखा। कर्मचारी नेताओं के अनुसार इस दौरान न तो कोई बस बस अड्डा से बाहर गई तथा न ही कोई बस अंदर आई। चक्का जाम के दौरान निजी बस चालकों ने जमकर चांदी कूटी। दिन में कड़ाके की ठंड के बावजूद भी परिवहन कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुये सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की।





अंबाला-नारायणगढ़। मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी व अड्डे में खड़ी बसें।